आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के लिये सम्बन्धित लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों, जनसभाओं और रोड–शो के माध्यम से मतदाताओं से मतदान की अपील कर रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज गौतमबुद्ध नगर जिले में पार्टी उम्मीदवार महेश शर्मा के लिए प्रचार किया। एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नोएडा जो पहले उत्तर प्रदेश के भ्रष्टाचार केंद्र के रूप में कुख्यात था, वह अब राज्य का व्यापार केंद्र बन गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अमरोहा के रहरा में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिये भोजन, पानी, घर, इलाज और रोजगार देने का कार्य किया है। सरकार ने जनता ही नहीं देश के आत्मसम्मान को लौटाने का कार्य भी किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने आज शाहजहांपुर में पार्टी प्रत्याशी अरविंद सिंह के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कार्यकर्ताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। फर्रूखाबाद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया।

मेरठ में बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ–हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के पक्ष में एक जनसभा कीं। इस अवसर पर मायावती ने कहा कि अगर बसपा की सरकार बनी तो वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की दिशा में काम करेंगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में अपने प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करते हुए भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाया।

****

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की तेरह लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। शाहजहांपुर में भाजपा के प्रत्याशी अरूण सागर ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के लिये भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने नामांकन पत्र भरा। कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुब्रत पाठक, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी की उम्मीदवार ललित कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी यादवेन्द्र किशोर ने नामांकन किया। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच छब्बीस अप्रैल को होगी, उन्तीस अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में तेरह मई को वोट डाले जायेंगे। उधर, तीसरे चरण के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया कल पूरी हो गयी। इस चरण की दस सीटों के लिये एक सौ चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं।

****

प्रदेश के सभी जिलों में श्री हनुमान जयंती श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनायी जा रही है। इस अवसर पर हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड और श्रीरामचरित मानस के पाठ आयोजित किये गये है। आज सुबह से ही श्रीहनुमान जी के दर्शन–पूजन के लिये मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में श्रीहनुमत महाप्रभु की विधि–विधान से आराधना की और उनकी आरती उतारी। अयोध्या में श्रीहनुमान जयंती के अवसर पर सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सरयू तट स्थित दक्षिण परम्परा के कालेराम मंदिर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर श्रीहनुमान विग्रह की विशेष सज्जा और आराधना का आयोजन किया गया। पीलीभीत में इस अवसर पर कई स्थानों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी और भण्डारे का आयोजन किया गया।

****

प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले कई दिनों से पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। गर्मी के चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, इलाहाबाद, आजमगढ़, मऊ और गोरखपुर समेत पच्चीस जिलों के लिये उष्ण लहर का अलर्ट जारी किया है। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज किये जाने की आशंका जतायी है।

****

कन्नौज जिले में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर आज तड़के हुयी एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु होने और करीब तीन दर्जन लोगों के घायल होने की खबर है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना तब हुयी जब गोरखपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गयी। दुर्घटना में मरने वालों में बस का चालक और एक महिला शामिल है।

****